कार्यालय जनपद न्यायाधीश, कासगंज।

प्रशासनिक आदेश संख्या- 317 दिनांक- 23.12.2024

आदेश

माननीय उच न्यायालय इलाहाबाद के पत्र संख्या- 15197/XC-4/Admin.E-I/2025 Allahabad; दिनांकित 14.11.2024 एवं जिलाधिकारी, कासगंज के पत्र संख्या 2123/नाजिर सदर/स्था० अवकाश-2025 दिनांकित 19.12.2024 के अनुक्रम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रभारी प्रशासन/प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश, कासगंज से आख्या आहूत की गयी, जिसके अनुपालन में प्रभारी प्रशासन/प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश, कासगंज द्वारा प्रस्तुत आख्या दिनांकित 21.12.2024 का अवलोकन किया।

प्रभारी प्रशासन/प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश, कासगंज की उक्त आख्यानुसार, माननीय उच न्यायालय इलाहाबाद के पत्र संख्या- 15197/XC-4/Admin.E-I/2025 Allahabad; दिनांकित 14.11.2024 के साथ जनपद न्यायालयों हेतु जारी कैलेण्डर वर्ष 2025 के **टिप्पणी संख्या-3** के अनुसार जनपद न्यायाधीश को जिलाधिकारी से विचार-विमर्श करके 05 दिवस का स्थानीय अवकाश घोषित किये जाने का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त यह भी अवगत कराया गया है कि जनपद न्यायालय कासगंज में अधिवक्तागण द्वारा डा० भीमराव अम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर दिनांक 14.04.2025 को स्थानीय अवकाश घोषित किये जाने हेतु संयुक्त अनुरोध पत्र दिनांकित 20.12.2024 भी प्रेषित किया गया है।

अतः माननीय उच न्यायालय के परिपत्र संख्या 68/XE-4 दिनांकित 26.07.1980 के साथ पठित माननीय न्यायालय द्वारा जनपद न्यायालयों हेतु जारी कैलेण्डर वर्ष 2025 में दी गयी शक्तियों का प्रयोग करते हुये प्रभारी प्रशासन/प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश, कासगंज द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त आख्या के आलोक में जनपद न्यायालय कासगंज हेतु कैलेण्डर वर्ष 2025 में निम्न तालिका अनुसार 05 दिवस का स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता हैः-

क्रम सं०	अवकाश का दिनांक	दिवस का नाम	पर्व/त्यौहार (स्थानीय अवकाश का महत्व)
01	14.01.2025	मंगलवार	मकर संक्राति
02	15.03.2025	शनिवार	होली
03	14.04.2025	सोमवार	डा० भीमराव अम्बेडकर जयन्ती
04	05.09.2025	शुक्रवार	मिलादुन्नबी
05	01.12.2025	सोमवार	मेला मार्गशीर्ष

इसके अतिरिक्त उक्त कैलेण्डर के **टिप्पणी संख्या-7** में यह भी निर्देशित किया गया है कि **"यदि कैलेण्डर में वर्णित कोई राष्ट्रीय अन्य अवकाश, द्वितीय शनिवार या रविवार को पड़ता है, तो माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय उसके स्थान पर अतिरिक्त दिवस को अवकाश के रूप में घोषित कर सकते हैं।"** इस सम्बन्ध में प्रभारी प्रशासन/प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश, कासगंज द्वारा प्रस्तुत आख्या के आलोक में माननीय न्यायालय के कैलेण्डर वर्ष 2025 में द्वितीय शनिवार अथवा रविवार को पड़ने वाले अवकाश के एवज में निम्न तालिका अनुसार अतिरिक्त अवकाश घोषित किया जाता हैः-

क्रम सं०	द्वितीय शनिवार अथवा रविवार अवकाश को पड़ने का राष्ट्रीय या अन्य अवकाश	तिथि एवं दिवस	द्वितीय शनिवार अथवा रविवार अवकाश को पड़ने वाले राष्ट्रीय या अन्य अवकाश के एवज में घोषित किये जाने वाले अतिरिक्त अवकाश की तिथि व दिवस	अवकाश घोषित किये जाने का महत्व
01	गणतंत्र दिवस	26.01.2025 (रविवार)	01.10.2025 (बुधवार)	महानवमी
02	श्री राम नवमी	06.04.2025 (रविवार)	22.10.2025 (बुधवार)	गोवर्धन पूजा
03	मोहर्रम	06.07.2025 (रविवार)	23.10.2025 (बृहस्पतिवार)	भाई दूज

घोषित किये गये अवकाशों की सूचना माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद प्रेषित किया जाये।

समस्त सम्बन्धित सूचित हों।

(रामेश्वर)
जनपद न्यायाधीश
कासगंज।
District Judge Kasganj
23-12-2024

<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-</u>

1- प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय कासगंज।
2- पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिकरण, कासगंज।
3- अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत, जनपद कासगंज।
4- जिलाधिकारी, कासगंज।
5- पुलिस अधीक्षक, कासगंज।
6- सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कासगंज को समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु।
7- अधीक्षक, जिला कारागार कासगंज।
8- मुख्य चिकित्साधिकारी, कासगंज।
9- जिला अभियोजन अधिकारी, कासगंज।
10- समस्त बार एसोसियेशन, कासगंज को सूचनार्थ।
11- केन्द्रीय नाजिर को जनपद न्यायालय कासगंज के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
12- सिस्टम आफीसर आदेश की सूचना जपनद न्यायालय कासगंज की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
13- गार्ड फाइल।